THE FAB SHOW CMAI
FABRICS • ACCESSORIES & BEYOND
3RD EDITION

22 अप्रैल से 6 मई, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

SUPPORTED BY
FABEXA AHMEDABAD
MASKATI CLOTH MARKET MAHAJAN


## Ahmedabad Garment Fabric Manufacturers Special Edition

## फैशनेबल, स्टाइलिश एवं ट्रेण्डी फैब्रिक निर्माता

अपेरल सेक्टर की चहेती कंपनी

मेन्स एवं लेडीज फैशन के प्रति समर्पित

# शास्वत


श्री राजेंद्र कुमार शाह


श्री अमीष शाह


श्री अबधीश शाह

**अहमदाबाद/** रेडीमेड अपेरल्स के लिए सुपीरियर क्वालिटी फैब्रिक्स निर्माण की अभ्यस्त कंपनी **शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा. लि.** फैशन की दुनिया में स्थापित नाम है, जो देश के टॉप अपेरल ब्रान्ड्स की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। **शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि.** ने 1962 में शुरू हुई एक व्यावसायिक यात्रा से भारत में कपड़ों के सबसे प्रतिष्ठित निर्माता के रूप में उभरने के लिए अपनी विरासत को निरन्तर आगे बढ़ाया। कंपनी के फाउंडर एवं चेयरमैन श्री राजेंद्रकुमार शाह ने अपनी पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ते हुए कपड़ा उत्पादन में नवीनतम टेक्नोलॉजी का समावेश कर उत्कृष्ट क्वालिटी के लिए निरंतर नवाचार करते हुए कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा फैब्रिक उत्पादक के रूप में पहचान दिलाई। फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक्स उत्पादन में निपुण इस कंपनी के डायरेक्टर एवं श्री शाह के सुपुत्र श्री अमीष शाह एवं श्री अबधीश शाह (बंटी भाई) ने निरन्तर शोध से विशुद्ध क्वालिटी फैब्रिक्स उत्पादन करते हुए अपनी व्यावसायिक कुशलता एवं बुद्धिमता से **'शास्वत'** ब्राण्ड को देश की अपेरल इंडस्ट्री का चहेता बना दिया। फैशन एवं क्वालिटी के अद्भुत संयोजन का प्रतीक **शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा. लि.** इस समय अंतरराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग-शर्टिंग एवं लेडीज ड्रेस मटेरियल का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है।

### प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स

कम्पनी शुरुआती दौर से ही मेन्स फैशन के लिए कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग में विश्वस्तरीय ट्राउजर फैब्रिक्स का वृहद स्तर पर उत्पादन कर रही है। श्री अमीष शाह ने चर्चा के दौरान बताया कि कंपनी अपेरल सेक्टर को प्रीमियम सूटिंग फब्रिक्स सप्लाई के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। कंपनी 100 प्रतिशत कॉटन एवं लाइक्रा सूटिंग फैब्रिक्स, निटेड, फॉर वे लाइक्रा, मोडाल, टेंसिल, बायो स्ट्रेच फैब्रिक्स में प्लेन, डोबीज, प्रिन्ट, स्ट्रक्चर आदि में सैकड़ों डिजाइन्स का उत्पादन कर रही है। इसी तरह रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के लिए कंपनी आकर्षक शर्टिंग फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज का उत्पादन कर रही है। श्री अबधीश शाह के अनुसार शर्टिंग में यार्न डाइड चेक्स, प्रिंट, प्लेन, डोबीज, लाइक्रा, डेनिम, लिनन, मिल मेड फैब्रिक्स आदि क्वालिटीज का भरपूर उत्पादन कर रही है।

### कुर्तीज एवं लेडीज ड्रेस मटीरियल

फैशन एवं स्टाइल का प्रतीक बन चुकी यह कम्पनी लेडीज फैशन के लिए भी नित नए डवलपमेंट कर रही है। लेडीज फैशन फैब्रिक्स में कंपनी रेयॉन, मुस्लिन सिल्क, मोडाल चंदेरी, 100 प्रतिशत कॉटन, लिनन, कॉटन साटिन, रेयॉन लाइक्रा आदि वैराइटीज में सैकड़ों डिज़ाइन्स में भरपूर रेंज बना रही है।

### CMAI फेयर में नए एवं फ्रेश कलेक्शन का डिस्प्ले

श्री अमीष शाह बताया कि कंपनी AW-23 एवं AW-24 सीजन्स के लिए नया फैब्रिक कलेक्शन लॉन्च कर चुकी है जो नये एवं फ्रेश कलर चार्ट तथा आकर्षक डिजाइंस में तैयार किया गया है। इसके अलावा रेगुलर रेंज में भी कंपनी ने कई नये अभिनव प्रयोग किए है। जिनका डिस्प्ले आगामी CMAI फैब शो में किया जाएगा।



### बिजनेस में थर्ड जनरेशन का प्रवेश

कंपनी के कामकाज में शाह परिवार में थर्ड जनरेशन के युवा धृति शाह, नृप शाह, रिया दलाल एवं आदित दलाल भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## मेन्स बॉटम वीयर के लिए परफेक्ट चॉइस

# श्री महादेव टेक्स फैब प्रा.लि.


श्री सोनू टेकवानी

MAHADEV® Innovate...Excel...Inspire

**अहमदाबाद/** शत प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक उत्पादन में निपुण कंपनी श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. विगत 2 दशक से अपेरल उद्योग जगत में क्वालिटी फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है। युवा डायरेक्टर श्री सोनू टेकवानी के नेतृत्व में यह कंपनी मेंस फैशन के लिए बॉटम वीयर का कपड़ा बना रही है। रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं की पसंद के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी क्वालिटी में निरंतरता के साथ आकर्षक डिजाइनिंग के जरिए भारतीय फैशन बाजार में हमेशा कुछ नया देने की क्रिएटिव सोच के साथ प्रगतिशील है। श्री टेकवानी के मधुर व्यवहार एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व की बदौलत कंपनी लगातार टेक्सटाइल एवं अपेरल क्षेत्र के लिए नित नए डवलपमेंट्स करते हुए बुलंदियों को छूने के हौंसले के साथ आगे बढ़ रही है। मेन्स फैशन बॉटम वीयर के लिए परफेक्ट चॉइस बना चुकी श्री महादेव टेक्सफैब प्रा.लि. क्वालिटी कमिटमेंट के साथ प्रतिस्पर्धी दरों में फैब्रिक्स सप्लाई के लिए संगठित क्षेत्र की भांति कार्यरत है। कंपनी प्रबंधन अपने अमूल्य बायर्स को सदैव कुछ नया देने के लिए बाजार पर नजर बनाए रखता है।

### विश्वस्तरीय प्रीमियम फैब्रिक रेंज

श्री महादेव टेक्स फैब प्रा.लि. द्वारा मेंस बॉटम वीयर के लिए उत्कृष्ट क्वालिटीयुक्त सूटिंग फैब्रिक्स बड़े पैमाने पर उत्पादित किया जा रहा है। शत प्रतिशत कॉटन एव ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक्स में यह कंपनी वाइडेस्ट रेंज मेंटेन करती है। रिएक्टिव डाइंग एवं सल्फर डाइंग वैराइटीज में कंपनी प्रिन्ट्स, डोबीज एवं प्लेन कलर्स में सैकड़ों कलर्स एवं डिज़ाइन्स का उत्पादन कर रही है। श्री टेकवानी ने बताया कि क्वालिटी कमिटमेंट के लिए कंपनी कपड़ा उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर उच्चतम स्टैंडर्ड को फॉलो करती है। विश्वस्तरीय प्रीमियम फैब्रिक उत्पादन के लिए कंपनी उच्चतम क्वालिटी का यार्न एवं ग्रे कपड़ा सलेक्ट करती है, वहीं कपड़े की वर्ल्ड क्लास फिनिश के लिए बेहतरीन प्रोसेस हाउस का चयन करती है। यही नहीं, क्वालिटी पेरोमीटर पर खरा उतरने के लिए कंपनी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करती है।

### पॉपुलर अपेरल ब्रान्ड्स को फैब्रिक्स आपूर्ति

मेन्स फैशन के लिए समर्पित श्री महादेव टेक्सफैब प्रा. लि. लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन के जरिये देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स की चहेती कंपनी बन चुकी है। बड़े मेन्स फैशन ब्राण्ड्स के लिए बेस्ट क्वालिटीयुक्त फैब्रिक सप्लाई के लिए प्रतिबद्ध यह कंपनी केजुअल एवं फॉर्मल बॉटम वीयर के लिए सर्वाधिक रेंज प्रोवाइडर मानी जाती है। न्यू वैराइटी डवलपमेंट एवं इनोवेशन के लिए कंपनी की फैशन डिजाइनर्स एवं प्रोडक्शन टीम संगठित भाव से काम करती है, वहीं डिमांड के अनुसार इच्छित कलर्स एवं डिज़ाइन्स में फैब्रिक डवलप करने में कंपनी हर वक्त तैयार रहती है।

### ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म

श्री महादेव टेक्सफैब प्रा.लि. अपने व्यापार को ऑनलाइन करने जा रही है। नये दौर की मार्केटिंग स्ट्रेटेजी को अपनाते हुए कंपनी अपने प्रॉडक्ट की सेल एवं डिस्प्ले के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है। कंपनी की अधिकारिक वेबसाइट पर गारमेण्टर्स अपनी जरूरत के हिसाब फैब्रिक सलेक्शन एवं खरीदी कर सकता है। श्री टेकवानी ने कहा कि बायर्स की सुविधा के लिए हमने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर व्यवसाय बढ़ाने का निश्चय किया है। इसके अलावा कंपनी शीघ्र ही मोबाइल एप भी लॉन्च करने जा रही है।

### भरपूर स्टॉक एवं प्रॉम्प्ट सर्विस

कंपनी का देशभर में व्यापक सेल्स नेटवर्क स्थापित है। यह सभी गारमेंट उत्पादक मंडियो में एक ही पॉलिसी से काम करती है। अपने अमूल्य बायर्स को प्रोम्प्ट सर्विस प्रदान करने के लिए कंपनी ने अपना सॉफ्टवेयर बना रखा है, जिसके माध्यम से व्यापारियों को कंपनी के प्रोडक्ट एवं न्यू डवलपमेंट से प्रतिदिन अपडेट किया जाता है। इसके अलावा कंपनी समस्त फैब्रिक रेंज में भरपूर स्टॉक भी मेंटेन करती है, जिससे बायर्स को उनका पसंदीदा फैब्रिक्स त्वरित डिस्पेच किया जा सकता है।

### CMAI फेयर में करेंगे नई रेंज का डिस्प्ले

मुंबई में होने जा रहे CMAI फेयर में कंपनी कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक्स में वाईडेस्ट रेंज प्रस्तुत करने वाली है। देशभर से आने वाले हजारों रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं के लिए कंपनी ने विशेष तैयारी की है। श्री टेकवानी ने कहा कि आगामी सीजन की तैयारी के हिसाब से मोडाल, विस्कॉस एवं इम्पोर्टेड धागे से तैयार फैब्रिक्स नया आकर्षण होगा।










# नाकोड़ा फैशन प्रा.लि.

## मेन्स फैशन के लिए कम्पलीट सोल्यूशन

**अहमदाबाद/** मेंस रेडीमेड गारमेण्ट्स के लिए कॉटन सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स उत्पादन में सिद्धहस्त कंपनी नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. विगत 2 दशक से मेन्स फैशन इण्डस्ट्री की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। स्थानीय मण्डी में गारमेण्ट फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी इस कंपनी द्वारा देश की अपेरल इण्डस्ट्री के लिए श्रैष्ठतम कॉटन सूटिंग-शर्टिंग का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उत्तमचंद सोठानी एवं श्री कुमार जैन के व्यावसायिक कौशल एवं बुद्धिमता से व्यापार की कला ने 'नाकोड़ा फैशन' ब्राण्ड को गारमेण्ट इण्डस्ट्री की जरूरत बना दिया। देश की लगभग सभी गारमेण्ट मण्डियों में नाकोड़ा फैशन का मजबूत ग्राहक नेटवर्क स्थापित है। मेन्स फैशन के लिए समर्पित यह कंपनी नियमित डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन के लिए भी जानी जाती है। यहीं नहीं, प्रतिस्पर्द्धी दरों में फैशनेबल एवं स्टाइलिश कॉटन एवं ब्लेण्डेड फैब्रिक बड़े ग्राहक नेटवर्क में सप्लाई किया जा रहा है।


श्री विक्रम जैन


श्री गौतम जैन


श्री सुनील जैन


श्री कनिष्क जैन


श्री राहिल जैन

**युवा नेतृत्व...** नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. के कामकाज में श्री उत्तम चंद सोठानी एवं श्री कुमार जैन के युवा सुपुत्र श्री विक्रम जैन, श्री सुनील जैन, श्री गौतम जैन, श्री कनिष्क जैन एवं श्री राहिल जैन अहम् भूमिका निभा रहे हैं। इनके युवा नेतृत्व में कंपनी उम्दा क्वालिटीयुक्त फैब्रिक्स उत्पादन में द्रुत गति से अग्रसर है।

### प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स रेंज

कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स के उत्पादन में नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. ने विशाल डिजाइनर कलेक्शन एवं क्वालिटी प्रॉडक्शन के दम पर सूटिंग की भांति शर्टिंग में भी रेडीमेड गारमेण्ट मण्डियों में विशेष पहचान बनाई है। कम्पनी शत् प्रतिशत कॉटन, कॉटन लाइक्रा, पोली लाइक्रा, इम्पोर्टेड लाइक्रा शर्टिंग फैब्रिक्स में प्लेन प्रिण्ट, डोबीज, चैक्स आदि डिजाइंस में व्यापक च्वॉइस प्रदान कर रही है। फैशनेबल एवं ट्रेंडी रेडीमेड शर्ट्स बनाने वाले गार्मेंटर्स द्वारा नाकोड़ा फैशन के शर्टिंग फैब्रिक्स चयन श्रेष्ठतम विकल्प के तौर पर किया जाता है।

### विश्वस्तरीय कॉटन फैब्रिक्स

100 प्रतिशत कॉटन सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स में सैंकड़ों क्वालिटीज में हज़ारों डिज़ाइन्स का विशाल कलेक्शन नाकोड़ा फैशन की खूबी है, वहीं सभी उपलब्ध क्वालिटीज एवं डिज़ाइन्स में भरपूर स्टॉक मेंटेन करना इसकी क्षमता दर्शाता है। विश्वस्तरीय कॉटन फैब्रिक में वाइडेस्ट रेंज की बदौलत आज नाकोड़ा फैशन देश की समस्त गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों में फेब्रिक की बिक्री में अग्रणी पायदान पर है।

**रेडीमेड गारमेण्ट सेक्टर के लिए फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी कंपनी**

### प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक्स रेंज

कॉटन सूटिंग फैब्रिक में नाकोड़ा फैशन की क्वालिटी एवं डिजाइंस नायाब होती है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुसार उत्पादन लेने में माहिर यह कम्पनी कॉटन, कॉटन लाइक्रा, प्रिण्टेड कॉटन, प्लेन कॉटन, कॉटन ब्लेण्डेड, साटिन प्लैन, साटिन प्रिण्ट लाइक्रा, ट्विल, डबल क्लॉथ, निटिंग क्लॉथ, लाफर प्रिण्ट, डेनिम लुक आदि रेंज में सैकड़ों डिजाइंस का उत्पादन वृहद स्तर पर कर रही है। फॉर्मल एवं केजुअल ट्राउजर के लिए उपयोगी प्लेन, प्रिण्ट, स्ट्रक्चर, डोबी सभी तरह के डिजाइनर फैशन फैब्रिक्स में कम्पनी बिक्री के कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

### न्यू फैब्रिक कलेक्शन

नाकोड़ा फैशन द्वारा आगामी सीजन के लिए नये फैब्रिक डवलपमेण्ट्स पेश किए जा रहे हैं। युवा डायरेक्टर श्री कनिष्क जैन ने बताया कि दूर्गा पूजा, ओणम, दीपावली एवं विण्टर सीजन के लिए कंपनी नये-नये इनोवेशंस कर रही है। सूटिंग प्लेन, प्रिण्ट डॉबीज नये स्ट्रक्चर्स तैयार किए गए है। वहीं शर्टिंग में नई फैब्रिक वैरायटीज में रेयॉन प्रिण्ट, पीवी प्रिण्ट, बुटिक टाइप प्रिण्ट्स, सांगानेरी प्रिण्ट्स साहित ऑल टाइम हिट चैक्स-पट्टा छोटे प्रिण्ट्स, पठान प्रिण्ट्स आदि मल्टीपल डिजाइंस की अच्छी डिमाण्ड है। CMAI फैब शो में भी इस नवीनतम रेंज का आकर्षक डिस्प्ले किया जाएगा।

## हाई क्वालिटी गारमेंट फैब्रिक उत्पादन में शीर्ष कंपनी

# वीरू टेक्सटाइल मिल्स प्रा.लि.


श्री संतोष साहेवाल


श्री सुरेश साहेवाल


श्री नरेश साहेवाल


श्री शुभम साहेवाल

**अहमदाबाद/** मेन्स वियर गारमेंट्स के लिए बेहतरीन कॉटन फैब्रिक्स उत्पादन में अग्रणी कंपनी वीरू टेक्सटाइल मिल्स प्रा. लि. सन् 1997 से गारमेंट सेक्टर की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। बाजार में ट्रेंड सेटर कंपनी के रूप में मशहूर इस कंपनी ने शुरुआत मात्र एक लाख मीटर मासिक कपड़ा उत्पादन से की थी। उच्च गुणवत्ता एवं स्टाइलिश फैब्रिक्स निर्माण की अभ्यस्त वीरू टेक्सटाइल मिल्स ने अद्वितीय फैब्रिक्स रेंज की बदौलत महज कुछ ही सालों में 30 लाख मीटर कपड़ा प्रतिमाह का लक्ष्य हासिल कर लिया। श्री महावीर प्रसाद साहेवाल की प्रेरणा से इनके सुपुत्र श्री संतोष साहेवाल, श्री सुरेश साहेवाल एवं श्री नरेश साहेवाल ने अपने मिलनसार व्यक्तित्व एवं कस्टमर की मांग के अनुरूप क्वालिटी फैब्रिक प्रोडक्शन के जरिए देश के गारमेंट सेक्टर में कम्पनी को अहम पहचान दिलाई। आज स्थानीय मंडी में इस कम्पनी का नाम हाई क्वालिटी फैशन फैब्रिक्स उत्पादन में शीर्ष पर है। मेन्स फैशन इंडस्ट्री के लिए उत्कृष्ट फैब्रिक उत्पादन में गहरी रुचि एवं हर दिन कुछ नया डवलपमेंट करने की तीनों भाइयों की कार्यशैली की बदौलत आज वीरू टेक्सटाइल मिल्स प्रा. लि. सेल्स नेटवर्क देश की सीमा को पार कर चुका है।

पिछले 2 दशकों में वीरू टेक्सटाइल ने अपने युवा, ऊर्जावान और दूरदर्शी डायरेक्टर श्री संतोष सहेवाल, श्री सुरेश सहेवाल और श्री नरेश सहेवाल के साथ कपड़े और फैशन उद्योग जगत में उल्लेखनीय नाम कमाया है। अब साहेवाल परिवार में अगली पीढ़ी के उद्यमी श्री शुभम साहेवाल (वीरू भाई) प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। श्री शुभम साहेवाल ने कहा कि हमारी कम्पनी क्वालिटी, नवाचार एवं नए निर्माण की शुरुआत से ही पक्षधर रही है। सतत् सुधार करते हुए उत्कृष्ट फैब्रिक्स उत्पादन प्राप्त करने के लिए कम्पनी फैब्रिक्स प्रोडक्शन के हर स्तर क्वालिटी का ही अनुसरण करती है।

**मॉडर्न लाइफस्टाइल सूटिंग शर्टिंग निर्माता**

### प्रीमियम अपेरल फैब्रिक रेंज

कॉटन सूटिंग शर्टिंग उत्पादन में निपुण कंपनी वीरू टेक्सटाइल मिल्स प्रा. लि. मेन्स अपेरल्स के विस्तृत फैब्रिक रेंज का उत्पादन कर रही है। श्री शुभम साहेवाल ने बताया कि मेन्स बॉटम वीयर के लिए कंपनी कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स, कॉटन डोबीज, कॉटन लाइक्रा, मोडाल, टेंसिल, लायसेल, इंडिगो, लिनन एवं आरएफडी फैब्रिक्स में प्लेन एवं डिजाइन्स में वाइडेस्ट रेंज बना रही है, वहीं शर्टिंग में प्रिंट, इंडिगो, सल्फर डाइंग, रिएक्टिव डाइंग, कॉटन-पोली लाइक्रा, टेंसिल लाइक्रा, मोडाल लाइक्रा, 100 प्रतिशत कॉटन फैब्रिक्स में सैकड़ों क्वालिटीज में हज़ारों कलर्स एवं डिज़ाइन्स बना रही है। इसके अलावा यार्न डाइड सूटिंग शर्टिंग में भी कंपनी लगातार नए-नए इनोवेशन्स पेश कर रही है, जिसकी डिमांड लगातार बनी हुई है।

### टॉप अपेरल ब्राण्ड्स को फैब्रिक सप्लाई


देश की सभी गारमेंट उत्पादक मंडियों में कंपनी का सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क स्थापित है। प्रीमियम कैटेगरी के अपेरल ब्राण्ड्स द्वारा वीरू टेक्सटाइल के फैब्रिक्स का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। मेन्स फैशन इंडस्ट्री में पॉपुलर गारमेंट ब्राण्ड्स के लिए नियमित रूप से फैब्रिक्स में न्यू क्वालिटी डेवलपमेंट एवं इनोवेशन करते हुए कंपनी प्रगतिशील है।

### ग्राहक संतुष्टि सर्वोपरि

कम्पनी ने फैब्रिक उत्पादन में उच्चतम स्तर को प्राप्त करने के लिए कपड़ा निर्माण और सेवा में निरंतर सुधार सुनिश्चित कर रखा है। दुनिया भर के ग्राहकों के लिए फैशनेबल और सर्वोच्च गुणवत्ता वाले कपड़े सुनिश्चित करने के लिए कंपनी मॉडर्न टेक्नोलॉजी से सुसज्जित है। वीरू टेक्सटाइल मिल्स प्रा. लिमिटेड ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक एकीकृत उत्पादन योजना विकसित की है कि गुणवत्ता मानकों का दृढ़ता से पालन किया जा सके।

### क्वालिटी के लिए प्रतिबद्ध

गुणवतायुक्त फैब्रिक उत्पादन में क्वालिटी स्तर को मेंटेन रखते हुए व्यापक रेंज प्रतिस्पर्धी दरों में उपलब्ध कराना कंपनी का शुरू से ही ध्येय रहा है। प्रीमियम क्वालिटी का गारमेंट फैब्रिक्स वाजिब दरों में उपलब्ध कराने के लिए कंपनी उत्पादन में क्वालिटी स्तर को मेंटेन रखते हुए कोस्ट कंट्रोल का अनोखा समायोजन रखती है।



## LEADING MARKETING AGENCY FOR GREY FABRICS

**RAJ INTERNATIONAL**



Shri Kinnar Shah



Shri Raj Shah

Ahmedabad's well known grey fabrics supplier **Raj International** owned by Mr. Kinnar Shah who is also a Chartered Accountant by profession and his dynamic son Mr. Raj Shah, are providing solutions for sourcing grey to all major process houses and major trading partners across India.

Raj International has come a long way to build its reputation as one of the leading textile sourcing houses in India for procurement of Grey & Knitted fabrics for both domestic as well as export markets.

The business is based strongly on building long term alliances with buyers & suppliers. Raj International has been able to carve its way to boundless dimensions.

### THE PRODUCT RANGE

Today, Raj International is the best solution for all textile requirements from raw material to finished products, backed by knowledge & expertise relevant to the industry. We handle all possible construction, weaves and widths of grey in 100% cotton, viscose, modal, linen etc., woven or airjet and shuttle less looms.

### NARROW WIDTH WEAVES FOR FASHION WEAR

Poplins, twills, drills, satins, dobby structured, stretch fabrics, ribstop etc.

### WIDER WIDTH FABRIC FOR HOME TEXTILES

Satins, twills, plains

**STALL NO. 708**

हाई क्वालिटी फैशन फैब्रिक निर्माता | क्वालिटी-गुणवत्ता मापदंडों पर खरी

# भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि.



श्री बाबूलाल सोनीगरा



श्री दिलीप सोनीगरा

**अहमदाबाद/** हाई क्वालिटी कॉटन एवं ब्लेंडेड़ फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी कंपनी भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. टेक्सटाइल उद्योग एवं व्यापार जगत में जाना माना नाम है। सन् 1966 से विभिन्न तरह के फैब्रिक उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी स्टाइलिश फैशन फैब्रिक्स के निर्माता के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर है। अन्तर्राष्ट्रीय फैशन ट्रेण्ड्स के अनुरूप उत्पादन लेने में माहिर भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. के डायरेक्टर श्री बाबूलाल सोनीगरा, श्री दिलीप सोनीगरा एवं श्री नरेश सोनीगरा ने सदैव बाजार में कुछ नए एवं हटकर फैब्रिक्स देने की कार्यशैली से काम करते हुए गारमेण्ट सेक्टर में कंपनी को अहम पहचान दिलाई। इस समय भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. देश के अपेरल उद्योग में चर्चित गारमेण्ट ब्राण्ड्स को फैशन फैब्रिक्स की सप्लाई कर रही है।

**कॉटन शर्टिंग, रेयॉन प्रिण्ट एवं निटेड होजियरी फैब्रिक्स**...के उत्पादन में विशेषज्ञ इस कंपनी में अभी सोनीगरा परिवार में तीसरी पीढ़ी के युवा उद्यमी श्री नेवील सोनीगरा, श्री अंशुल सोनीगरा एवं श्री जिमित सोनीगरा कंपनी के कामकाज में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनके युवा नेतृत्व में भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. रेडीमेड अपेरल्स निर्माताओं के लिए विस्तृत फैब्रिक्स रेंज का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। शत प्रतिशत कॉटन शर्टिंग में प्रिंट, प्लेन, चेक्स, यार्न डाइड चेक्स में सेकड़ों वैरायटीज के उत्पादन के साथ निटेड होजियरी एवं रेयॉन प्रिंट में भी कंपनी लगातार इनोवेशन करते हुए गारमेंट फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज देने के लक्ष्य पर कायम है।



श्री अंशुल सोनीगरा



श्री जिमित सोनीगरा

### मोस्ट पॉपुलर अपेरल फैब्रिक रेंज

कंपनी मेन्स फैशन के लिए हाई क्वालिटी कॉटन शर्टिंग का उत्पादन बड़े पैमाने पर कर रही है। शत प्रतिशत कॉटन शर्टिंग सहित कॉटन लाइक्रा, निटेड फैब्रिक्स, होजियरी फैब्रिक्स, कॉटन प्रिण्टेड फैब्रिक्स, यार्न डाइड चैक्स एवं प्लेन डाइड शर्टिंग में कम्पनी सैकड़ों वैरायटीज का उत्पादन कर रही है। वहीं सल्फर डाइंग, इण्डिगो डाइंग, पिगमेण्ट डाइंग जैसी वैरायटीज में भी महारत रखती है। होजियरी फैब्रिक्स में प्रिण्ट एवं प्लेन वैरायटीज में सैकड़ो नये कलर्स एवं डिजाइंस तैयार किए गए है। जिसका उपयोग टी शर्ट्स, नाइटी सूट्स एवं किड्स गारमेण्ट में भरपूर होता है।

### आगामी सीजन के लिए नई फैब्रिक रेंज लॉन्च

कंपनी फैस्टिव, AW-23 एवं SS-24 सीजन्स के लिए जमकर तैयारी कर रही है। श्री अंशुल सोनीगरा एवं श्री जिमित सोनीगरा के अनुसार कॉटन एवं विस्कॉस फैब्रिक्स में नये डिजिटल प्रिण्ट डिजाइंस लॉन्च किए है जिसमें बबल प्रिण्ट, केमिकल प्रिण्ट, इंडिगो प्रिण्ट जैसी नई डिजाइंस शामिल है। कंपनी ने सभी रेंज की बुकिंग भी शुरू कर दी है, जिसे बाजार से जबरदस्त रिस्पॉन्स प्राप्त हो रहा है। फैंसी एवं फॉर्मल फैब्रिक्स में सोलिड कलर्स का समावेश किया। इनके अलावा विभिन्न बेसिक फैब्रिक रेंज में नये स्ट्रक्चर्स के साथ नये-नये प्रॉडक्ट लॉन्च किए है। इन सभी रेंज का CMAI फैब शो में भी डिस्प्ले किया जाएगा।

### मॉडर्न टेक्नोलॉजी से सुसज्जित प्रोसेस हाउस

भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. द्वारा डाइंग एवं प्रिंटिंग प्रोसेस हाउस का भी संचालन किया जा रहा है। कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स में आकर्षक प्रिण्टिंग, उच्चस्तरीय फिनिशिंग एवं डाइंग में यह प्रोसेस हाउस अग्रणी पायदान पर है। मॉर्डन टेक्नोलॉजी से सुसज्जित भावना प्रोसेसर्स स्थानीय मंडी ही नही अपितु राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिटी प्रोसेस के लिए जाना जाता है।

### अंतर्राष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

अपेरल उद्योग की फैब्रिक जरूरतों पूरा कर रही कंपनी भावना प्रोसेसर्स प्रा. लि. देश की सभी गारमेंट उत्पादक मंडियों सहित अंतरर्राष्ट्रीय स्तर बेस्ट क्वालिटी फैब्रिक वाजिब दरों पर उपलब्ध करा रही है। श्री अंशुल सोनीगरा ने बताया कि मिडिल ईस्ट एवं फार ईस्ट देशों में कंपनी बड़े लेवल पर गारमेंट फैब्रिक्स एक्सपोर्ट कर रही है। कंपनी अपने राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय ग्राहकों को हाई क्वालिटी फैब्रिक्स की सप्लाई के साथ बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रही है।






THE CMAI FAB SHOW
3RD EDITION

# अपेरल वेण्डर सोर्सिंग फेयर में फैशन फैब्रिक्स व एसेसरीज निर्माता करेंगे विशाल सामूहिक डिस्प्ले


श्री गौरांग भगत

**अहमदाबाद-मुम्बई/सत्यप्रकाश**

दि क्लॉदिंग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (CMAI) द्वारा 26-28 अप्रैल 2023 को बॉम्बे एक्जीबिशन सेण्टर, मुम्बई में तीसरे वेण्डर सोर्सिंग फैयर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। देश में रेडीमेड गारमेण्ट निर्माताओं के सबसे संगठन CMAI एवं फैबेक्सा अहमदाबाद के तत्वावधान में यह फेयर फैब्रिक एवं एसेसरीज सोर्सिंग का सबसे बड़ा फेयर होने जा रहा है।

मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन एवं फेबेक्सा अहमदाबाद के कॉटन फैब्रिक्स निर्माता सदस्यों ने इस फेयर के लिए जबरदस्त तैयारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले साल भी फैबेक्सा के सदस्य फैब्रिक निर्माताओं ने जमकर फैब्रिक डिस्प्ले किया एवं सुर्खियां बटोरी। इस संदर्भ में मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के अध्यक्ष श्री गौरांग भगत ने कहा कि अहमदाबाद में निर्मित कपड़े की मांग देश दुनिया में बढ़ रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा व्यापारी रेडीमेड गारमेंट निर्माता अहमदाबाद मंडी से जुड़े इसके लिए फैबेक्सा नाम से महाजन के अंतर्गत ही एक नई शाखा बनाई। जिसके माध्यम से एग्जीबिशन कराने एवं अन्य संगठनों के साथ मिलकर एग्जीबिशन में भागीदारी निभाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। विगत कुछ वर्षों में हमने 4 एग्जीबिशन अहमदाबाद में तथा पिछले साल CMAI FAB SHOW मुंबई एवं गारटेक्स फैब्रिक्स एंड ट्रीम शो, दिल्ली में फैबेक्सा ने भाग लिया था। सभी एग्जीबिशंस की सफलता से साबित होता है कि रेडीमेड गारमेंट निर्माता एवं व्यापारी सोर्सिंग के लिए फैब्रिक एग्जिबिशन में जरूर विजिट करने आते हैं, जिनमें सप्लायर एवं खरीदार के बीच नए व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं। इसलिए टेक्सटाइल एवं गारमेण्ट ट्रेड में एग्जीबिशन का अलग ही महत्व है।

**SUPPORTED BY**

FABEXA AHMEDABAD

MASKATI CLOTH MARKET MAHAJAN

## फैबेक्सा-अहमदाबाद की होगी विशेष पवेलियन

## अहमदाबाद के गारमेण्ट फैब्रिक्स निर्माता पेश करेंगे नये फैब्रिक डवलपमेण्ट्स





### फैब्रिक एवं रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं के लिए सीजन की एडवांस तैयारी का सुअवसर -श्री कुमार जैन

प्रसिद्ध टेक्सटाइल कंपनी नाकोड़ा फैशन प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कुमार जैन ने कहा कि मुंबई गारमेंट ट्रेड का बहुत बड़ा सेंटर है जहां हर तरह के गारमेंट्स बनते हैं, वहीं कई बड़े गारमेंट ब्राण्ड्स का ओरिजिन प्लेस भी यही है। कई बड़े रेडीमेड गारमेंट ब्राण्ड्स के प्रोडक्शन हाउसेस भी मुंबई में ही हैं। ऐसे में CMAI के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित होने जा रहे वेंडर एवं सोर्सिंग फेयर में बड़ी संख्या में रेडीमेड गारमेंट निर्माता पहुंचने वाले हैं। फैब्रिक निर्माताओं को रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं की विजिटिंग से आगामी सीजन की तैयारी के लिए नए आइडियाज प्राप्त होंगे, वहीं आगे सीजंस के लिए नए डवलपमेंट करने का सुअवसर मिलेगा।



### AW-23 एवं SS-24 सीजन की तैयारी का अच्छा मौका -श्री बाबूलाल सोनीगरा

CMAI का वेंडर्स एंड सोर्सिंग फेयर रेडीमेड गारमेंट एवं फैब्रिक निर्माता दोनों के लिए व्यापार संवर्धन का अच्छा ट्रेड प्लेटफॉर्म बन चुका है। फैबेक्सा टीम भी इस प्लेटफॉर्म पर दूसरी बार अपना प्रेजेंटेशन करने वाली है, जिसमें अहमदाबाद के लगभग सभी टॉप गारमेंट फैब्रिक निर्माता भाग ले रहे हैं। यह जानकारी देते हुए मस्कती महाजन के कोषाध्यक्ष व फैबेक्सा के संयोजक श्री बाबूलाल सोनीगरा ने कहा कि आगामी AW-23 एवं SS-24 सीजन की तैयारी के लिए अहमदाबाद के फैब्रिक निर्माताओं ने जमकर नये डेवलपमेंट्स किए हैं, जिनका डिस्प्ले इस ट्रेड फेयर में किया जाएगा। इसलिए मेरा सभी केटेगरी के गारमेंट्स ब्राण्ड्स से आग्रह है कि इस सोर्सिंग फेयर में आगामी सीजन की तैयारी के लिए जरूर विजिट करें।

**न्यू फैब्रिक डवलपमेंट्स का होगा ग्रैंड डिस्प्ले...** CMAI के वेंडर्स एण्ड सोर्सिंग फेयर के लिए अहमदाबाद के कॉटन सूटिंग-शर्टिंग एवं ड्रेस मटेरियल निर्माताओं ने जमकर तैयारी की है। मेंस, वूमेंस, किड्स सभी गारमेंट्स के लिए कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग शर्टिंग में नई-नई वैराइटीज का समावेश किया है, वहीं फैब्रिक निर्माताओं द्वारा निटिंग फैब्रिक्स, डेनिम, ग्रे, रेयॉन इत्यादि प्रकार के फैब्रिक्स में डिजिटल, प्रिण्ट, प्लेन, चेक्स, पीस डाइड एवं यार्न डाइंग वैराइटीज में व्यापक रेंज तैयार की है। ऑवर ऑल यह फेयर हर तरह के रेडीमेड गारमेण्ट निर्माताओं के लिए फैब्रिक सोर्सिंग का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म साबित होगा, वहीं फैब्रिक्स निर्माताओं के लिए असीमित व्यापार के द्वार खोलेगा।

| Stall No. | EXHIBITOR NAME | Stall No. | EXHIBITOR NAME | Stall No. | EXHIBITOR NAME | Stall No. | EXHIBITOR NAME |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 601 | SHASWAT TEXTILES PRIVATE LTD. | 704 | NAKODA FASHION PVT LTD | 716 | ANKIT TEXTILES MILLS | 809 | MAURYA FABRICS |
| 602 | PANAM TEXFAB PRIVATE LTD. | 705 | VIRU TEXTILE MILLS PVT. LTD. | 717 | C.A.PATEL TEXTILES PVT LTD | 810 | LAXMI ENTERPRISE |
| 603 | SHREE MAHADEV TEXFAB PVT LTD | 707 | MAMTA KNIT FAB | 718 | B R FABRIC | 811 | JYOTI PRINTS |
| 604 | SRI SHYAM FASHION | 706 | SACHIN TEXFAB PVT LTD | 719 | SITA FABRIC MILLS PVT LTD | 812 | KEDAR TEXTILE |
| 605 | ADINATH TEX FAB | 708 | RAJ INTERNATIONAL | 801 | BHAVNA PROCESSORS PVT LTD. | 813 | SHRINATH SYNTHETICS |
| 606 | SIDDHACHAKRA WEAVING PVT LTD | 709 | PANNA CLOTHING | 802 | DINESHKUMAR & COMPANY | 814 | HANSRAJ CLOTHING |
| 607 | SHREE KEDAR COT FAB | 710 | MANGISHA FAB TEX | 803 | KAMAL TEX FAB PVT LTD | 815 | AMBE CREATION |
| 608 | VINOD TEXWORLD PVT LTD | 711 | G N TEXTILES | 804 | CHANDERMAULI | 816 | DHARMAJI TEXTILES |
| 609 | MANOJ PRINTS PVT LTD | 712 | KOHINOOR SYNTHETIC | 805 | SHREE CHAMUNDA FABRICS | 817 | DHANRAJ TEXTILES |
| 701 | CEEPENS FABRICS | 713 | KAUVERY FAB TEX | 806 | ANANT TEXTILE | 818 | VIVEK TEXTILE AGENCY |
| 702 | AMBICA SYNFAB PVT.LTD. | 714 | ACCESSORIES SHOP | 807 | UKNITEX FASHION PVT LTD | 819 | R J FASHION |
| 703 | MANGLA TEXTILES | 715 | SHREE RAMESH TEXTILE MILLS | 808 | PRINT MAGIC | | |




## फैशनेबल एवं स्टाइलिश कॉटन शर्टिंग उत्पादन में निपुण

# श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी


श्री महिपाल सोठानी


श्री गिरीश सोठानी

**अहमदाबाद/** शत प्रतिशत कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स उत्पादन में माहिर कंपनी श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी विगत दो दशक से गारमेंट सेक्टर की शर्टिंग फैब्रिक जरूरतों को पूरा कर रही है। मेन्स फैशन को समर्पित इस कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री महिपाल सोठानी एवं श्री गिरीश सोठानी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ गारमेंट सेक्टर के लिए आकर्षक एवं फैशनेबल शर्टिंग फैब्रिक्स का उत्पादन बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। मार्केट से कुछ हटकर प्रोडक्ट रेंज देने के लिए यह दोनों भाई नित नए डेवलपमेंट कर रहे हैं। गारमेंटर्स को बेहतरीन फैशनेबल शर्टिंग फैब्रिक्स उपलब्ध कराने के जज़्बे के साथ कार्यरत यह कंपनी लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप उत्पादन लेने की कला में निपुण है। श्री गिरीश सोठानी ने कहा कि हमारी कंपनी का लक्ष्य प्रतिदिन कुछ नया करने के साथ गारमेंट सेक्टर की जरूरत के हिसाब से फैब्रिक उत्पादन करना है। इसके लिए कंपनी कपड़ा उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर स्टैण्डर्ड लेवल की प्रक्रिया अपनाती है। कंपनी नियमित रूप से फैब्रिक डिज़ाइनर्स की सेवाएं लेने के साथ साथ प्रचलित फैशन ट्रेंड्स का भी बारीकी से अध्ययन करती है। क्वालिटी कमिटमेंट के साथ कंपनी प्रोम्प्ट सर्विस का भी भरोसा प्रदान करती है, वहीं अपने ग्राहक व्यापारियों के साथ एक परिवार के रूप में कार्य करना कंपनी अपनी सबसे जरूरी प्राथमिकता मानती है।

Since 1999

EXCLUSIVE SHIRTING

**रेडीमेड गारमेण्ट सेक्टर के लिए श्रेष्ठ विकल्प**

**शर्टिंग फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज प्रदाता...** गारमेंट उत्पादन क्षेत्र में रेडीमेड शर्ट्स बनाने वाले निर्माताओं के लिए श्री महावीर फैब्रिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी 100 प्रतिशत कॉटन, पीवी, पीसी एवं ब्लेंडेड़ फैब्रिक्स में प्रिंट, प्लेन, चैक्स, लाइनिंग आदि में सैकड़ों डिजाइंस उत्पादित कर रही है। स्थानीय मंडी में एक बड़ी फैब्रिक निर्माता कंपनी के रूप में गतिमान यह कंपनी एक्सक्लूसिव शर्टिंग फैब्रिक्स में लाइक्रा में बड़ी रेंज मेंटेन करती है। श्री सोठानी के अनुसार कॉटन लाइक्रा एवं पोली विस्कोस लाइक्रा में कंपनी व्यापक रेंज उपलब्ध करा रही है। आगामी फेस्टिवल एवं विण्टर सीजन की तैयारी के लिए कंपनी व्यापक स्तर पर प्लानिंग कर रही है, श्री गिरीश सोठानी के अनुसार कंपनी ने विभिन्न तरह की नयी फैब्रिक्स रेंज में डिजिटल प्रिण्ट लॉञ्च किये हैं। जिसमें बबल प्रिण्ट्स, बुटिक प्रिण्ट्स, डिस्चार्ज प्रिण्ट्स एवं डोबीज में सैकड़ो डिजाइंस का समावेश किया है।

**Shree Mahavir Fabrics Manufacturing Co.**


#112, Ground Floor, New Cloth Market, Raipur, Ahmedabad-02, Office Mob.: 70696 60366
Mob.: 98257 83040, 94278 01175, Email: mahavirfab1999@gmail.com




## नये ऑफिस परिसर में मंगल प्रवेश

श्री महावीर फैब्रिक्स मेन्यूफैक्चरिंग कंपनी ने अपने कार्य क्षेत्र में विस्तार के साथ हाल ही नये ऑफिस परिसर में मंगल प्रवेश किया है। कंपनी प्रंबधन के अनुसार 112 न्यू क्लॉथ मार्केट में नये परिसर का निर्माण करवाया है। अब कंपनी के मैनेजमेण्ट, सेल्स एवं अकांउट्स से संबधित कामकाज यहीं से संचालित होंगे।
















## फैशनेबल एवं ट्रेण्डी फैशन फैब्रिक्स निर्माता कंपनीज

# मगराज कांतिलाल फैब प्रा.लि.

# जीरावाला टेक्सटाइल प्रा.लि.


श्री शांतिलाल संघवी


श्री कांतिलाल संघवी

**अहमदाबाद/** प्रीमियम कॉटन सुटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी कंपनीज मगराज कांतिलाल फैब प्रा. लि. एवं जीरावाला टेक्सटाइल्स प्रा. लि. गारमेण्ट सेक्टर में हाई क्वालिटी फैब्रिक सप्लायर्स के रूप में जानी जाती है। सन 1965 में मगराज कांतिलाल फैब प्रा. लि. की स्थापना के साथ अहमदाबाद में Emkay Group का पदार्पण हुआ। मशहूर उद्यमी श्री शांतिलाल संघवी एवं श्री कांतिलाल संघवी के नेतृत्व में तत्कालीन समय में प्रचलित क्वालिटीयुक्त कपड़े का संजीदगी के साथ उत्पादन किया जाने लगा। तत्पश्चात् इस ग्रुप में एक और कंपनी जीरावाला टेक्सटाइल्स प्रा.लि. स्थापना के साथ ही उच्चतम श्रेणी के फैशनेबल एवं ट्रेण्डी सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स का उत्पादन किया जाने लगा है। देश की अपेरल इंडस्ट्री में कॉटन फैब्रिक्स की बढ़ती मांग को समझते हुए Emkay Group की इन कंपनीज द्वारा मेन्स फैशन के लिए कॉटन फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज का उत्पादन किया जाने लगा। फिर दौर ऐसा आया कि फैशन के पर्याय बन चुके Emkay Group का हर डवलपमेंट पसंद किया जाने लगा।

**EMKAY ब्राण्डनेम से राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर**

**युवा टीम...** इसी दौर में Emkay Group में प्रवेश हुआ श्री शांतिलाल संघवी एवं श्री कांतिलाल संघवी के जोशीले युवा सुपुत्र श्री अमरीश संघवी, श्री राजेश संघवी, श्री विक्रम संघवी एवं श्री अमित संघवी का। इस युवा टीम ने ग्रुप की प्रसिद्धि को बरकरार रखते हुए नित नये डवलपमेण्ट एवं क्रिएशन कर ग्रुप को अपेरल इंडस्ट्री में खास पहचान दिलाई। आज बाजार में इस ग्रुप के फैब्रिक्स की हर समय अच्छी डिमाण्ड रहती है। यही वजह है कि आज गारमेण्ट सेक्टर में Emkay ब्राण्ड का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। इसी ग्रुप में ट्रिपोलॉजी हॉलीडेज नामक ट्रेवल फर्म भी कार्यरत है, जिसका संचालन श्री राहुल संघवी द्वारा किया जा रहा है।


श्री अमरीश संघवी


श्री राजेश संघवी


श्री विक्रम संघवी


श्री अमित संघवी

**फैशनेबल एवं ट्रेण्डी फैब्रिक रेंज...** कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में महारत हासिल कर चुका Emkay Group भारत में बेहतरीन क्वालिटी के फैब्रिक में इनोवेटिव डिजाइनर कलेक्शन के लिए समस्त सेलिंग पॉइंट्स पर मशहूर है। युवा डायरेक्टर श्री विक्रम संघवी ने बताया कि केजुअल एवं फॉर्मल ट्राउजर्स के लिए कंपनी द्वारा 100 प्रतिशत कॉटन फैब्रिक्स, कॉटन लाइक्रा, फैंसी लाइक्रा, कॉटन लिनन, इंडिगो फैब्रिक्स में विशाल डिज़ाइनर कलेक्शन का उत्पादन किया जा रहा है, जिमसें प्लेन, प्रिण्ट, डोबीज, स्ट्रक्चर जैसी एट्रेक्टिव डिज़ाइन्स शामिल हैं। इसके अलावा निटेड, डेनिम बेस एवं सल्फर डाइंग फैब्रिक्स भी बनाया जा रहा है। शर्टिंग में भी ग्रुप की फैब्रिक रेंज काफी पॉपुलर है। युवा डायरेक्टर श्री राजेश संघवी ने बताया कि शर्टिंग में शत प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड़ फैब्रिक्स में लाइक्रा एवं नॉन लाइक्रा दोनों ही तरह का कपड़ा बनाया जा रहा है, जिसमें डिजिटल प्रिन्ट्स एवं प्लेन वेराइटीज में सुपर रेंज तैयार की है। यार्न डाइड शर्टिंग में भी लाइक्रा रेंज तैयार की है, जिसके शुरुआती रुझान बहुत अच्छे हैं। होजियरी फैब्रिक्स में भी ग्रुप का परफॉर्मेंस बहुत अच्छा है। मेन्स एवं लेडीज फैशन में उपयोगी होजियरी प्रिण्ट भी अपेरल सेक्टर में काफी पसंद किया जा रहा है।

**विजन...** अपेरल उद्योग जगत की समस्त फैब्रिक जरूरतों को पूरा करने में सक्षम Emkay Group एक मिशन की भांति कार्यरत है। मेन्स फैशन इंडस्ट्री में राष्ट्रीय स्तर पर लक्षित सफलता अर्जित करने के बाद ग्रुप अब एक्सपोर्ट में काम बढ़ाने की योजना पर गतिशील है। अपने अमूल्य ग्राहकों को उनकी पसंद का कपड़ा वाजिब दरों में समय पर उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर भी ग्रुप की पूरी टीम संगठित भाव के साथ काम कर रही है। अपने ग्राहकों की हर तरह की फैब्रिक जरूरत को पूरा करने के लिए ग्रुप की दोनों कंपनीज लगातार न्यू फैब्रिक इनोवेशंस पर काम कर रही है।

## टेक्सटाइल एवं अपेरल उद्योग जगत में प्रतिष्ठित कंपनी

# धर्माजी टेक्सटाइल्स

### कॉटन सूटिंग, निटेड एवं होजियरी फैब्रिक्स में श्रेष्ठतम रेंज के लिए मशहूर


स्व. श्री अतुल संघवी

**अहमदाबाद/** प्रीमियम कॉटन सूटिंग फैब्रिक्स उत्पादन में अग्रणी कंपनी **धर्माजी टेक्सटाइल्स** रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में श्रेष्ठतम क्वालिटी का बॉटम वीयर फैब्रिस सप्लाई करने वाली प्रमुख कंपनी है। टेक्सटाइल सेक्टर में 4 दशक पूर्ण कर चुकी इस कंपनी की कामयाबी में मशहूर उद्योगपति स्व. श्री अतुल संघवी की अथक मेहनत एवं व्यवसायिक कुशलता का अहम् योगदान है। इन्हीं की अग्रगामी सोच एवं टेक्सटाइल सेक्टर में कुछ अलग करने के जज्बे ने **धर्माजी टेक्सटाइल्स** को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। उन्होंने क्वालिटी, इनोवेशन एवं नित नए डेवलपमेंट करते हुए मेन्स फैशन के लिए 100 प्रतिशत कॉटन एवं कॉटन लाइक्रा सूटिंग फैब्रिक्स में आकर्षक फैब्रिक रेंज तैयार कर सफलता का मार्ग प्रशस्त किया। विश्वस्तरीय आधुनिक वीविंग प्लांट एवं प्रोसेस हाउस के सफल संचालन की जिम्मेदारी निभाते हुए देशभर में व्यापारिक नेटवर्क का विस्तार किया। अब उनके सपनों को पूरा करने एवं कंपनी के संचालन का जिम्मा उनके बड़े सुपुत्र श्री आदेश संघवी, श्री दर्शन शाह व श्री आयुष संघवी बखूबी निभा रहे हैं। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री आदेश संघवी एवं श्री आयुष संघवी अपने पिताजी के आशीर्वाद एवं उनके बताए आदर्श व्यापारिक सिद्धान्तों का पालन करते हुए देश के अपेरल सेक्टर के लिए सर्वोत्तम फैब्रिक उत्पादन के लक्ष्य पर गतिमान हैं।


श्री आदेश संघवी


श्री दर्शन शाह


श्री आयुष संघवी

### शत प्रतिशत कॉटन, निटेड एवं होजियरी फैब्रिक्स

धर्माजी टेक्सटाइल्स अपेरल सेक्टर के लिए बेहतरीन सूटिंग फैब्रिक्स में सैकड़ों क्वालिटीज का उत्पादन कर रही है। श्री आदेश संघवी ने बताया कि कंपनी 100 प्रतिशत कॉटन, निटेड सूटिंग, कॉटन लाइक्रा, डबल क्लॉथ, कॉटन लिनन, एवं फैंसी ब्लेंडेड़ फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज उत्पादित कर रही है। चैक्स, प्रिन्ट, प्लेन, डोबीज, स्ट्रक्चर, साटिन प्रिंट आदि वैराइटीज में आकर्षक डिजाइन्स एवं कलर्स में कंपनी व्यापक चॉइस प्रदान करती है। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री आयुष संघवी एवं श्री दर्शन शाह के अनुसार कंपनी होजियरी फैब्रिक्स में भी लगातार नए-नए डिज़ाइन्स का डेवलपमेंट कर रही है। आकर्षक प्रिन्ट डिज़ाइन्स एवं कलर्स में कंपनी फुल रेंज ऑफर कर रही है। कंपनी का होजियरी फैब्रिक्स लेडीज गारमेंट्स एवं मेन्स टी-शर्ट्स के लिए श्रेष्ठतम विकल्प है। श्री संघवी ने कहा कि कंपनी प्रतिदिन कुछ नया करने के अपने संकल्प पर कायम है। हम अपने अमूल्य व्यापारी ग्राहकों के लिए बेहतरीन कपड़ा बनाने की दिशा में नियमित रूप से गतिशील हैं।

### मॉडर्न टेक्नोलॉजी से सुसज्जित वीविंग प्लाण्ट एवं प्रोसेस हाउस

धर्माजी टेक्सटाइल्स द्वारा वीविंग एवं प्रोसेसिंग प्लाण्ट भी संचालित किए जा रहे हैं। कंपनी के वीविंग प्लाण्ट में मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लेस पीकानॉल एवं रेपियर मशीन्स स्थापित की गई हैं, वहीं प्रोसेस हाउस में भी आधुनिक तकनीकयुक्त मशीनरीज पर फैब्रिक प्रोसेसिंग प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। प्रोसेस हाउस में 2 स्टेण्टर सहित लाफर मशीन तथा प्रिण्टिंग एवं डाइंग के लिए आधुनिक मशीनरीज स्थापित हैं। फैब्रिक्स उत्पादन में बेस्ट देने के पक्षधर श्री आदेश संघवी अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रोसेस हाउस में सभी तरह के प्रोसेस एवं फिनिश में टॉप क्वालिटी के डाइज एण्ड केमिकल्स का इस्तेमाल कर उम्दा फैब्रिक उत्पादन के वादे पर कायम हैं।

### CMAI फैब शो में करेंगे नये कलेक्शन का डिस्प्ले

श्री आयुष संघवी के अनुसार कंपनी आगामी सीजन के लिए जमकर नये डवलपमेण्ट्स कर रही है। कॉटन सूटिंग्स में डबल क्लॉथ, ट्विल, डोबीज, प्रिण्टेड, साटिन प्रिण्टेड, निटिंग प्रिण्ट्स, सल्फर फैब्रिक्स, आरएफडी फैब्रिक्स, एक्सपोर्ट क्वालिटी फैब्रिक्स में कंपनी ने वाइडेस्ट रेंज तैयार की है। इसके अलावा कंपनी ने निटेड फैब्रिक्स एवं होजियरी में नये कलर्स डवलप किए हैं। उक्त सभी रेंज का डिस्प्ले CMAI फैब शो में भी किया जाएगा।

## स्टाइलिश फैशन फैब्रिक्स के लिए प्रसिद्ध

# मंगला टेक्सटाइल्स

### मेन्स एवं वूमेन्स फैशन के लिए समर्पित कम्पनी

**अहमदाबाद/** विगत 8 दशकों से मेन्स एवं वूमेंस फैशन परिधानों के लिए फैब्रिक्स उत्पादन में संलग्न कंपनी **'मंगला टेक्सटाइल्स'** स्टाइलिश फैशन फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी पायदान पर है। भारतीय फैशन इण्डस्ट्री के लिए हर दिन कुछ नया करने की सोच के साथ गतिशील यह कम्पनी सालों से फैशन इण्डस्ट्री में फैब्रिक सप्लाई में लीडर मानी जाती है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री विवेक अग्रवाल एवं श्री राजीव अग्रवाल ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से टेक्सटाइल एवं गारमेंट इंडस्ट्री में **'मंगला टेक्सटाइल्स'** को क्वालिटी एवं फैशन फैब्रिक निर्माता के रूप में पहचान दिलाई है। युवा एवं ऊर्जावान डायरेक्टर्स श्री पीयूष अग्रवाल, श्री पंकज अग्रवाल एवं श्री विदित अग्रवाल के नेतृत्व में गारमेण्ट सेक्टर की डिमांड के अनुरूप फैब्रिक्स उत्पादन एवं सप्लाई में कम्पनी सक्षम उद्यम की भूमिका बखूबी निभा रही हैं। फैब्रिक्स उत्पादन में नियमित डवलपमेण्ट एवं शोध करने की कला में निपुण **मंगला टेक्सटाइल्स** बड़े पैमाने पर फैशन फैब्रिक्स का उत्पादन कर रही है। श्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि कम्पनी मेन्स वीयर परिधानों के लिए शत प्रतिशत कॉटन एवं ब्लेंडेड शर्टिंग फैब्रिक्स, लेडीज गारमेण्ट्स के लिए शत् प्रतिशत कॉटन एवं पोलियस्टर ड्रेस मटीरियल सहित अनस्टिच सूट, एथेनिक कुर्तीज, वेस्टर्न गारमेण्ट्स इत्यादि के लिए रेग्युलर प्रिण्ट एंव डिजिटल प्रिण्ट फैब्रिक्स का उत्पादन कर रही है।


श्री पीयूष अग्रवाल


श्री पंकज अग्रवाल


श्री विदित अग्रवाल

### प्रीमियम कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स

मेन्स फैशन गारमेंट्स के लिए कंपनी शत् प्रतिशत कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज का उत्पादन कर रही है। श्रेष्ठतम क्वालिटी, आकर्षक डिजाइंस एवं वाइडेस्ट रेंज इसकी सबसे बड़ी खूबी है। श्री अग्रवाल के अनुसार शर्टिंग फैब्रिक्स में यार्न डाइड चैक्स एवं पीस डाइड में मल्टीपल प्रिण्ट्स में 400-500 डिजाइंस मेण्टेन की जाती है। यही नहीं, कम्पनी प्रतिदिन कुछ नया क्रियेट करती है, नये कंसेप्ट, नये डिजाइंस एवं नये कलर्स हर दिन लॉन्च करना कम्पनी की कार्यशैली का हिस्सा है।

### लेडीज फैशन गारमेंट्स के लिए भरपूर फैब्रिक रेंज

लेडीज गारमेण्ट फैब्रिक्स स्थानीय स्तर पर मंगला टेक्सटाइल्स लेडीज गारमेण्ट फैब्रिक्स अर्थात् लेडीज ड्रेस मटीरियल की पायोनीयर कम्पनी हैं। प्रीमियम क्वालिटीयुक्त सलवार सूट एवं ड्रेस मटीरियल में सैकड़ों डिजाइंस का विशाल संग्रह कम्पनी का सबसे मजबूत पक्ष है। श्री राजीव अग्रवाल के अनुसार कम्पनी वूमंस वियर के लिए 44'' 58'' पने में लेडीज ड्रेस मटीरियल का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है। रेग्युलर एवं डिजिटल प्रिण्ट्स में 400-500 डिजाइंस कम्पनी के पास हमेशा मौजूद रहते हैं। इसी तरह कम्पनी कुर्तीज, नाइटी, लेडीज टॉप तथा वेस्टर्न आउटफिट्स के लिए भी व्यापक स्तर पर फैशन फैब्रिक्स का उत्पादन कर रही है।

### बड़े अपेरल ब्राण्ड्स एवं बाइंग हाउसेज को सप्लाई

मंगला टेक्सटाइल्स देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स को फैब्रिक्स की आपूर्तिकर्ता कम्पनी है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्ड्स के अनुरूप भरपूर प्रॉडक्शन लेने में सक्षम यह कम्पनी मेन्स एवं वूमेंस अपेरल निर्माताओं की चहेती कम्पनी मानी जाती है।

### AW-23 & SS-24 कलेक्शन लॉन्च

श्री राजीव अग्रवाल ने कहा कि हमने AW-23 एवं SS -24 फैब्रिक कलेक्शन लॉन्च कर दिया है, जिसकी बुकिंग भी जोरों पर है। CMAI फैब शो में भी कम्पनी की ओर से यह कलेक्शन प्रस्तुत किया जायेगा। इस कलेक्शन में लेडीज फेशन के लिए शत् प्रतिशत कॉटन, पीवी, पीसी, शिफोन, सिन्थेटिक्स इत्यादि फैब्रिक्स में व्यापक मल्टीपल डिजिटल प्रिण्ट डिजाइंस का विशाल कलेक्शन पेश करने वाले हैं, वहीं मेन्स फैशन के लिए उम्दा क्वालिटीयुक्त शत् प्रतिशत कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स में नए डिजाइंस का डिस्प्ले किया जायेगा। इस तरह कंपनी मेन्स एवं वूमेंस फैशन के लिए लेटेस्ट एवं ट्रेंडी फैशन फैब्रिक्स में कंपलीट रेंज प्रस्तुत की जाएगी।